




# तार फेंसिंग करंट से 2 युवकों की मौत

## बसाहारी में मंदिर के पास करंट की चपेट में एक मवेशी भी मृत, गांव में छा गया मातम



नवभारत न्यूज

**बीना 3 जुलाई. विधानसभा क्षेत्र की ग्राम बसाहरी में तार फेंसिंग में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से दो युवकों और एक गाय की दर्दनाक मौत हो गई. हादसा शीतला माता मंदिर के पास हुआ.**

घटना के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा और हड़कंप मच गया. मृतकों के परिजन किरण बाई ने बताया कि पथरिया जेगन निवासी प्रवेश पादरी उम्र 35 शौच के लिए बाहर गए थे. खेत की तार फेंसिंग में करंट होने से वह उसकी चपेट में आ गए और वहीं गिर पड़े. खोजाखेड़ी निवासी विकास पादरी उम्र 26 खाना खा रहा था. भाई को गिरा देख वह दौड़कर बचाने पहुंचा और उसे छूते ही उसे भी करंट लग गया. प्रवेश की बेटी जब अपने पिता को देखने पहुंची तो जैसे ही उसने पिता की शर्ट को छुआ, उसे भी करंट का झटका लगा और वह दूर जा गिरी, गनीमत रही कि वह बच गई, इसी फेंसिंग की चपेट में एक गाय भी आ गई जिसकी मौत हो गई. स्थानीय लोगों के अनुसार जिस खेत में तार फेंसिंग लगी थी वह मुकेश तिवारी और निशांत तिवारी का है. दोनों मृतक युवक पिछले कुछ दिनों से बसाहरी गांव में टोली के साथ डेरा डाले हुए थे. सिविल अस्पताल लाए गए.

जानकारी के अनुसार सुबह सौंपे शव मौत की खबर सुनते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे. प्रवेश और विकास को तत्काल बीना सिविल हॉस्पिटल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया. दोनों शवों को मरचरी में रखवा दिया गया.

दोनों शवों का डॉक्टर ने पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने पंचनामा करवाई कर शव परिजनों को सौंप दिए. ग्रामीणों ने मांग की है कि खेतों में अवैध रूप से लगाई जा रही तार फेंसिंग और करंट पर प्रशासन सख्त कार्रवाई करे, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हों.

### सद्बुद्धि के लिए होगा सुंदर काण्ड पाठ

**सागर.** नगर पालिक निगम के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं एवं 13 सूत्रीय मांगों के निराकरण को लेकर सभी कर्मचारी संगठनों द्वारा चलाया जा रहा अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 12 वें दिन भी जारी रहा. पुरानी निगम कार्यालय भवन परिसर में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं संगठन पदाधिकारी एकत्रित होकर अपनी मांगों के समर्थन में बैठे . नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष शईद उद्दीन कुरैशी तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि निगम प्रशासन को जगाने के लिए 6 जुलाई को सभी कर्मचारी शंख, झालर, ढोल बजाकर प्रदर्शन करेंगे तथा 7 जुलाई को सभी कर्मचारी प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए सुंदर काण्ड का पाठ कर भगवान से प्रार्थना करेंगे.

# कलेक्टर दर पर प्लॉट उपलब्ध कराएं

## समीक्षा के दौरान ट्रांसपोर्ट व्यापारियों और मैकेनिकों के सर्वे कराने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. अमावनी में स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 27 एकड़ जमीन पर बनाया गया सर्वसुविधायुक्त ट्रांसपोर्ट नगर एवं मेकेनिकल कॉम्प्लेक्स सागर शहर की मांग के साथ ही ट्रांसपोर्टर्स और यहाँ के मेकेनिकों की भी आवश्यकता है.**

उक्त विचार कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कलेक्टरेट कार्यालय में स्मार्ट सिटी के परियोजना कार्यों की समीक्षा बैठक में कहे. उन्होंने निगमायुक्त एवं सीईओ राजकुमार खत्री को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी ट्रांसपोर्ट व्यापारी और ट्रांसपोर्ट मेकेनिकों का सर्वे करायें, दोनों की अलग-अलग सूची तैयार कर प्रस्तुत करे.



उन्होंने कहा कि भारी वाहनों की आवाजाही से होने वाले यातायात दबाव को कम करने के उद्देश्य से स्मार्ट सिटी द्वारा पूर्ण की गई इस परियोजना का संचालन प्रथमिकता से होना चाहिए. नगरीय विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत भूमिअंतरण नियमों का विश्लेषण कर नियमानुसार ट्रांसपोर्टरों व मेकेनिकों हेतु प्लॉट लेने की प्रक्रिया को और सहज बनाएं. ट्रांसपोर्टरों में किस प्रकार के व्यापारी शामिल होंगे और किन के पास स्वयं के बड़े वाहन ट्रक आदि हैं, कौन से ट्रांसपोर्टर सिर्फ ऑफिस के माध्यम से व्यापार संचालन कर रहे हैं. मेकेनिक किस स्तर पर मेकेनिक्स दुकान या वर्कशाप वर्तमान में संचालित कर रहे हैं, कितनी जगह उन्हें अपनी मेकेनिक दुकान संचालित करने हेतु पर्याप्त है उक्त सभी जानकारियां एकत्र करें और रिपोर्ट तैयार कर उसके अनुसार प्लॉट देने का निर्धारण करें. अमावनी स्थित ट्रांसपोर्ट नगर एवं मेकेनिकल कॉम्प्लेक्स में कलेक्टर दर पर व्यापारियों को सर्व सुविधायुक्त प्लाट उपलब्ध हैं.

# एसव्हीएन में संगोष्ठी हुई संपन्न



नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. स्वामी विवेकानंद विवि में सामाजिक न्याय के तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान विकसित भारत की पहचान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ.**

अध्यक्षीय उद्बोधन एवं संगोष्ठी पर संस्थापक कुलपति डॉ. अनिल तिवारी ने प्रकाश डाला. मुख्य अतिथि नरयावली विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि नशामुक्त युवा ही सशक्त राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति हैं. संयुक्त संचालक, डी.एस. यादव ने कहा कि नशा मुक्ति का प्रथम कदम है कि हमें अपनी आत्मशक्ति को जगाना होगा, जिससे अन्य व्यक्ति हमें प्रभावित न कर सके.

### गैस किट ओमनी जप्त

**सागर.** आरटीओ ने शहरी क्षेत्र में 16 स्कूली वाहनों को चैक किया गया, जिनमें से ओमनी वाहन एमपी 35 बीए 0302 जो एलपीजी गैस किट से संचालित होते हुए पाई गई. टाटा मैजिक वाहन क्रमांक एमपी 15 टी 2748 एवं ईको वाहन एमपी 15 जेडआर 8895 में फायर सिस्टम नहीं पाया गया तथा क्षमता से अधिक स्कूली बच्चे बैठे पाये जाने पर उक्त सभी 03 वाहनों को जप्त कर कार्यालय परिसर में सुरक्षार्थ रखा गया. साथ ही आज की कार्यवाही में अधिकांश स्कूल बसें नियमानुसार संचालित होते हुए पाई गई, चैंकिग का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है.

# राम मंदिर संपत्ति में भ्रष्टाचार अकल्पनीय

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के संरक्षक रघु ठाकुर ने कहा कि अयोध्या के राम मंदिर ट्रस्ट में चोरी की घटना से भारत व देश के बाहर के रामभक्त नाराज है और क्षुब्ध व पीड़ित है.**

### मन की बात में भी जनता का ध्यान हटाने का प्रयास

श्री ठाकुर ने कहा कि एसआईटी ने आठ लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कराकर उन्हे गिरफ्तार किया है. एक करोड़ नगद पकड़े गए है लेकिन सोने चांदी के जेवर और चंदे की संपत्ति से खरीदी गई अंचल संपत्ति की जब्ती शुरु नहीं हुई है. राम मंदिर की संपत्ति पर भ्रष्टाचार होना अकल्पनीय है. उन्होने कहा कि भाजपा गंभीर मामले को अन्य मुद्दों की तरफ ले जाकर ध्यान बांटने का प्रयास कर रही है. अयोध्या में ट्रस्ट का गठन केंद्र सरकार ने किया था और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ट्रस्ट के बड़े पदाधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं.

लोसपा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया है कि भारतीय न्याय संहिता में सुधार कर राम को बदनाम करने वाले चोरों को सजा के रुप में मृत्यु दंड का प्रावधान कराए. श्री ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री से अपेक्षा थी कि वे मन की बात कार्यक्रम में राम मंदिर के चंदा चोरों के बारे में देश की जनता के सामने अपनी बात रखेंगे. लेकिन इस मामले में चुप रहे. गणेश चर्तुथी को अभी दो माह का समय है किंतु प्रधानमंत्री ने मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं बनाने की बात कर चंदा चोरी के मामले से जनता का ध्यान हटाने का प्रयास किया है. इसके पूर्व भी नीट परीक्षा में गड़बड़ी के मामले में अपनी चुप्पी साध ली थी.

# तीन कटरबाज गिरफ्तार हुए

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. मोतीनगर थाना अंतर्गत मोटरसाइकिल की चाबी मांगकर कटर से जानलेवा हमला करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार हुए है, साथ ही कटर भी जप्त हुए.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी अजय पटेल, निवासी ग्राम कनेरा गौड़, थाना जैसीनगर, अपने साथियों पप्पू पटेल एवं नीरज पटेल के साथ शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे. बीएस जैन बंगले के सामने मोटरसाइकिल खड़ी कर बातचीत करते समय तीन आरोपियों ने मोटरसाइकिल की चाबी मांगी. चाबी देने से मना करने पर आरोपियों ने कटर से तीनों पर जानलेवा हमला कर दिया था. घटना में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार आरोपियों में कृष्णा उर्फ केशू रैकवार, पिता अशोक रैकवार, राम सोनी, पिता बालमुकुंद सोनी, देवेंद्र राय, पिता दिनेश राय, उम्र 19 वर्ष, तीनों निवासी राजीव नगर वार्ड को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 03 कटर जप्त किए हैं. आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा.

## एक नजर में



### महिला हॉकी अकादमी की चयन ट्रायल

**सागर.** मध्यप्रदेश राज्य हॉकी अकादमी, भोपाल द्वारा वर्ष 2026 के लिए महिला हॉकी अकादमी की प्रतिभा चयन ट्रायल खेल परिसर हॉकी मैदान पर संपन्न हुई. राज्य हॉकी अकादमी के चीफ कोच देवकीनंद ने खिलाड़ियों की प्रतिभा का परीक्षण किया. चयन ट्रायल में जिले की 14, दमोह की 9, टीकमगढ़ की 5 तथा छतरपुर जिले की 5 सहित कुल 33 बालिकाओं ने भाग लिया. चयन ट्रायल के दौरान जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती शर्मिला डावर, जिला हॉकी संघ के सचिव मकसूद खान, हॉकी प्रशिक्षक उमेश चंद्र मौर्य, नफीस खान उपस्थित रहे. इस अवसर पर जिले में संचालित हॉकी फीडर सेंटर एवं खेलो इंडिया हॉकी स्मॉल सेंटर के बालक-बालिकाओं का भी चयन ट्रायल आयोजित किया गया.



### डॉक्टर्स डे पर सम्मान समारोह आयोजित

**सागर.** द एसोसिएशन ऑफ वी क्लब ऑफ इंडिया डिस्ट्रिक्ट सागर प्रगति क्लब द्वारा डॉक्टर्स डे पर डॉ.अंशुल गुप्ता को सम्मानित किया. प्रगति क्लब अध्यक्ष वी कंचन गुप्ता द्वारा उद्बोधन में चिकित्सक के सेवा, भाव, समर्पण और समय का सदुपयोग जीवन में सेवाएँ देकर वह कैसे करते हैं यह बताया गया. इस दौरान चेयरपर्सन वर्षा गुप्ता, शालिनी गुप्ता, पूनम श्रीवास उपस्थित रहे.



### आजीविका मिशन जी राम जी का शुभारंभ

**सागर.** विकसित भारत-फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन (ग्रामीण) जी राम जी का जिला स्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम जनपद पंचायत जैसीनगर की ग्राम पंचायत जैसीनगर स्थित मंगल भवन में जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया. कार्यक्रम में जिला स्तरीय जन सम्मेलन-सह लॉन्च का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि द्वारा मिशन के उद्देश्यों एवं प्रावधानों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान नवीन स्वीकृत सुगम संपर्कता परियोजना अंतर्गत नवीन सड़कों का भी शुभारंभ किया गया. इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य शारदा खटीक, उषा पटैल, जनपद पंचायत जैसीनगर के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, जनपद सदस्य रामरानी राम अवतार, अंत्योदय समिति अध्यक्ष साहब सिंह, धीरज सिंह, हरनाम सिंह उपस्थित रहे. कार्यक्रम में जिपं सीईओ विवेक केव्ही, परियोजना अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव, ब्रह्मणेश्वर खरे, जपं सीओ श्रीराम सोनी, सहायक यंत्री सचिन दुबे आदि मौजूद थे.

# शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. एडिना इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के बी.टेक. कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंगका परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा.**

परीक्षा परिणाम में आस्था शुक्ला ने प्रथम, अक्षिता जैन ने द्वितीय तथा पलक दुबे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. सभी विषयों में परिणाम 100 प्रतिशत रहा, जो विद्यार्थियों की मेहनत एवं संकाय सदस्यों के उत्कृष्ट मार्गदर्शन का प्रमाण है.

इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन राजेश जैन, डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार जैन, एसोसिएट डायरेक्टर रोहित जैन एवं सुयश जैन, प्राचार्य डॉ. अभिषेक जैन तथा कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष रजनीश पचौरी ने सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं. उन्होंने विद्यार्थियों के विश्वास व्यक्त किया कि वे उच्च शिक्षा, शोध एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित कंपनियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर संस्थान का नाम रोशन करेंगे. प्रबंधन ने सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की लगन, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन तथा संस्थान के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण को दिया.

# सांदीपनि विद्यालय नए भारत की पाठशाला : श्री सिंह

नवभारत न्यूज

**खुरई 3 जुलाई. पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने बांदरी में 38.5 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे सांदीपनि विद्यालय के 26.5 करोड़ की लागत से निर्मित फर्स्ट फेज के कार्य में निर्मित भवन का लोकार्पण किया.**

उन्होंने इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत 6 करोड़ की लागत से निर्मित हो रहे उपयोगिता एवं प्रबंधन कार्य (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) का भूमिपूजन भी किया. श्री सिंह ने कहा कि सांदीपनि विद्यालय भवन महज ईंट पत्थर



कांक्रीट से बना भवन नहीं है, यह बच्चों के भविष्य निर्माण का केंद्र है, इसकी आत्मा शिक्षा और संस्कार है. यह नये भारत की पाठशाला है जहां पढ़ने वाले विद्यार्थी विकसित भारत का निर्माण करेंगे. उन्होंने कहा कि अभी गांव--गांव में स्कूलें हैं पर वहां अच्छी शिक्षा की कमी महसूस करते रहे हैं. सांदीपनि स्कूल आरंभ कर सरकार ने तय कर दिया है कि 15-20 गांवों के बीच एक बड़ी अत्याधुनिक सांदीपनि स्कूल होगी.

उन्होंने जनप्रतिनिधियों से भी कहा कि मंच पर फोटो खिंचवाने के बाद सभी को जिम्मेदारी का पालन भी करना चाहिए. सभी जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की संस्थाओं के काम काज और गुणवत्ता की निगरानी रखें.कार्यक्रम को डीईओ अरविंद जैन, प्राचार्य देवेंद्र मिश्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर ने भी संबोधित किया. संचालन सचिन राय ने किया. इस दौरान नगरपरिषद अध्यक्ष सुधा विश्वनाथ लोधी, नपं अध्यक्ष मीना कुशवाहा,लोकेंद्र सिंह राजपूत, सुरपाल यादव, राजकुमार अहिरवार, अवधेश सिंह ठाकुर, संतोष जैन, लक्ष्मीकांत मणौतिया, सबलसिंह लोधी, नरेश जैन मौजूद थे.

# केंद्र सरकार के इशारे पर काम कर रही एसआईटी

## धार्मिकता की धर्मान्ता पर कुठाराघात हो रहा : पूर्व मंत्री श्री प्रजापति

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. अयोध्या राम मंदिर ट्रस्ट चोरी को लेकर प्रदेश कांग्रेस द्वारा संभागीय स्तर पर नियुक्त पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री एनपी प्रजापति ने कहा कि केंद्र सरकार के इशारे पर एसआईटी काम कर रही है.**

उन्होने कहा कि वर्तमान में देश और प्रदेश में धार्मिकता की धर्मान्ता पर कुठराघाट हो रहा है. चोरी की घटना को दो सप्ताह से अधिक निकल चुका है मगर आज दिनांक तक कोई भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की जा रही है. श्री प्रजापति ने कहा कि सनातन के नाम पर हिंदुस्तान को दुनिया में विश्व गुरु का दर्जा दिलाने की बात कही जा रही है और विश्व गुरु मौन है. यह चोरी हिंदुओं की आस्था के साथ होने के कारण चोरी नहीं बल्कि डकैती है. कांग्रेस ने मांग की है कि ट्रस्ट का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष फॉरेसिंक और वित्तीय ऑडिट कराया जाए. एसआईटी की रिपोर्ट तत्काल सार्वजनिक की जाए. मंदिर में प्राप्त दान, सोना, चांदी और संपत्तियों का श्वेत पत्र जारी किया जाए और पूरे मामले की निगरानी किसी स्वतंत्र एजेंसी से कराई जाए. दोषी पाए जाने वाले सभी व्यक्तियों पर निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई की जाए.

उन्होने कहा कि देश में ही नहीं प्रदेश में भी यही चल रहा है. कांग्रेस की आपत्ति जमीनें खरीदने पर नहीं है मगर सरकारी योजनाएं जमीनों के ईद-गिर्द ही संचालित कराई जाएं. जिससे नियत खराब लगती है. इसके साथ ही उन्होने नीट परीक्षा से लेकर व्यापम तक में हुई गड़बड़ियों पर चर्चा करते हुए कहा कि नौजवानों को रोजगार तो देना नहीं है मगर भर्ती के नाम पर जरुर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है. कांग्रेस ने भर्ती प्रक्रिया का भी पब्लिक ऑडिट कराने के साथ मांग की है कि पारदर्शी मैरिट सूची सार्वजनिक की जाए और डिजिटल रुप से दस्तावेंजों का पारदर्शी सत्यापन कराया जाए. इसके साथ ही चुनाव आयोग की तरह स्वायत और स्वतंत्र भर्ती आयोग बनाया जिससे सरकार का कोई हस्ताक्षेप न हो.

पत्रकारवार्ता में पूर्व विधायक सुनील जैन, कुंदन पंजाबी, अध्यक्ष द्वय भूपेंद्र सिंह मुहासा, महेश जाटव, संगठन मंत्री द्वय रामकुमार पचौरी, आशीष ज्योतिष, अमित दुबे, अभिषेक गौर मौजूद थे.

### बीटेक में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**सागर.** बाबूलाल ताराबाई इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड टेक्नोलॉजी के बी-टेक अंतिम वर्ष (8वें सेमेस्टर) का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा. परीक्षा परिणाम में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा मोहिनी चढ़ार ने सभी शाखाओं में सर्वाधिक अंक अर्जित किए. श्रुति चौहान प्रथम स्थान, भव्या चतुर्वेदी प्रथम स्थान, मैकेनिकल इंजीनियरिंग चंद्रभान धानक प्रथम स्थान, सिविल इंजीनियरिंग रोहित अहिरवार प्रथम स्थान इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग ऋतु शुक्ला प्रथम स्थान इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, मोहिनी चढार प्रथम स्थान एवं संस्थान में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया. चेयरमैन संतोष जैन घड़ी ने कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि उनकी मेहनत, अनुशासन तथा संस्थान की गुणवत्तापूर्ण शिक्षण व्यवस्था का प्रमाण है.





# दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नवप्रवेशित छात्राओं हेतु दीक्षारंभ कार्यक्रम में डॉ. अलका पुष्पा निशा एवं कीर्तिका ठाकुर द्वारा खेल गतिविधियां एवं वार्षिक खेल केलेंडर की जानकारी दी.**

डॉ. बिन्दु श्रीवास्तव द्वारा जानकारी देते हुए हॉस्टल में प्रवेश एवं उसका शुल्क विवरण भी प्रदान किया. डॉ. अंजना चतुर्वेदी ने पाठ्येत्तर गतिविधि के अंतर्गत सम्पन्न होने वाली साहित्यिक, सांस्कृतिक, रूपांकन एवं मंचीय गतिविधी नाट्य एवं नृत्य विधाओं की जानकारी दी. डॉ. सर्वेश्वर उपाध्याय ने कहा यह आपको श्रेष्ठ नागरिक बनने का मार्ग प्रशस्त करेगे. डॉ. निशा इंद्रगुरू द्वारा प्रतियोगिताओं के बारे में छात्राओं को जानकारी दी. इस दौरान डॉ. अश्विनी सूर्यवंशी, डॉ. नंदकिशोर लोधी ने जानकारी दी. डॉ. अपर्णा चाचोंदिया के निर्देशन में शिल्पी विश्वकार, तनु ठाकुर, तनिशा राय ने शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी.

# स्थानांतरण पर विदाई समारोह



नवभारत न्यूज

**सागर 3 जुलाई. संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा कार्यालय में स्थानांतरित कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित हुआ.**

इस अवसर पर स्थानांतरित कर्मचारी सुनील चौधरी, मनीष दुबे एवं श्रीमती वैशाली बोहरे, आशीष जैन, श्रेणिक बड़कुल का स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया. संयुक्त संचालक, कोष एवं लेखा श्रीमती हेमलता पटेल ने कहा कि शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सतत प्रक्रिया है, जो कर्मचारियों को नए अनुभवों और नई जिम्मेदारियों के साथ कार्य करने का अवसर प्रदान करती है. उन्होंने कहा कि किसी भी कर्मचारी की वास्तविक पहचान उसके उत्कृष्ट कार्य, अनुशासन, व्यवहार एवं कार्य के प्रति समर्पण से होती है.

### आलेख में सुनील प्रथम

**ललितपुर.** युवा साहित्यकार डा.सुनील जैन ने तीर्थंकर ऋषभदेव राष्ट्रीय आलेख प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त किया. कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें पुरस्कार राशि, प्रशस्ति-पत्र, प्रमाण-पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया. विजेताओं को प्राकृत भाषा चक्रवर्ती आचार्यश्री वसुनंदी महाराज के सान्निध्य में सम्मानित किया गया. इस अवसर पर आचार्यश्री ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन में ऐसे आयोजनों की महत्ता पर बल दिया. डा.सुनील जैन की इस उपलब्धि पर साहित्यकारों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी.

# अमरपुर सब्जी मंडी शिफ्ट करने का विरोध

नवभारत न्यूज

**ललितपुर 3 जुलाई. नझाई बाजार के पीछे संचालित सब्जी एवं फल मंडी को अमरपुर स्थानांतरित किए जाने की प्रस्तावित योजना का स्थानीय व्यापारियों, फुटकर विक्रेताओं और किसानों ने विरोध शुरू कर दिया है.**

व्यापारियों ने जिलाधिकारी एवं नपाध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर मंडी को शहर से 10-12 किलोमीटर दूर अमरपुर ले जाने के निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की. साथ ही नेहरू महाविद्यालय बड़ी नहर के पास नगर पालिका की खाली भूमि पर नई सब्जी मंडी विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा. ज्ञापन में व्यापारियों ने बताया कि नझाई बाजार के पीछे स्थित मंडी में करीब 80 दुकानदार पिछले 51 वर्षों से नगर पालिका के किराएदार के रूप में व्यापार कर रहे है. इन दुकानों से जुड़े परिवारों का जीवनयापन पूरी तरह सब्जी और फल के कारोबार पर निर्भर है.

उनका कहना है कि यदि मंडी को अमरपुर स्थानांतरित किया गया तो छोटे व्यापारियों, किसानों, ठेला एवं डलिया लगाकर सब्जी बेचने वाले गरीब परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाएगा.

व्यापारियों ने आरोप लगाया कि कृषि उत्पादन मंडी समिति द्वारा उन्हें अमरपुर स्थित मंडी में जाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है. उनका कहना है कि अमरपुर की मंडी मूल रूप से गल्ला व्यापार के लिए बनाई गई थी और वहां दुकानों का किराया भी अधिक है. ऐसे में छोटे सब्जी और फल विक्रेताओं के लिए वहां व्यापार करना व्यवहारिक नहीं होगा. ज्ञापन में व्यापारियों ने प्रशासन के समक्ष सुझाव रखा कि बड़ी नहर के पास नपा की उपलब्ध भूमि पर सब्जी एवं फल मंडी विकसित की जाए. सभी ने प्रशासन से मांग की है कि गरीब व्यापारियों और किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए मंडी को शहर के निकट ही स्थान उपलब्ध कराया जाए.